# देश में 12 साल में सबसे ज्यादा बारिश

- यूपी के 45 जिलों में बाढ़, जनजीवन अस्त-व्यस्त
- लखनऊ, अयोध्या में स्कूल बंद; 12 लोगों की मौत

**नईदिल्ली, 4 अगस्त. देशभर में मानसून इस बार राहत से ज्यादा आफत लेकर आया है. मौसम एजेंसियों के अनुसार, बीते 12 सालों में पहली बार जून और जुलाई में सामान्य से 4.1 फीसदी अधिक बारिश हुई है.**

कई राज्यों में बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाएं सामने आई हैं, जिससे अब तक सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है इस समय भारी बारिश और बाढ़ की चपेट में है. जानकारी अनुसार, जून में 9 फीसदी और जुलाई में 5 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है 2013 के बाद यह पहला मौका है जब लगातार दो महीने सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है इसके चलते उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और मध्य प्रदेश में हालात बिगड़ गए हैं उत्तर प्रदेश के 45 जिलों में बाढ़ ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. लखनऊ, अयोध्या और अंबेडकरनगर में स्कूलों को बंद कर दिया गया है पिछले 24 घंटे में राज्य में 12 लोगों की मौत हो चुकी है. उत्तराखंड में भारी बारिश के साथ भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं रुद्रप्रयाग में दो दुकानें मलबे में दब गईं, वहीं देहरादून में स्कूल बंद कर दिए गए हैं सरकार ने नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए रेड अलर्ट जारी कर दिया है.



**दिल्ली से लेकर बिहार तक दिखा बाढ़ का तांडव**

बेतिया में झमाझम बारिश ने पूरे शहर को जलजमाव की चपेट में ले लिया है बारिश के कुछ ही घंटों में कई इलाकों में स्थिति गंभीर हो गई और एक शख्स अपनी मोटरसाइकिल के साथ खुले मैनहोल में जा गिरा वाराणसी में सावन के महीने में लगातार भारी बारिश के बाद गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से रिहायशी इलाकों में भी पानी भर गया है वरुणा नदी भी उफान पर है, जिससे आसपास के रिहायशी इलाकों में पानी घुस गया है बलिया में गंगा नदी के कटान से तटीय इलाकों में मौजूद घरों पर संकट मंडरा रहा है.

**महाराष्ट्र के संभाजीनगर में मानसून संकट**

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में जून से लेकर सितंबर के बीच वर्षा सामान्य के मुकाबले 50.1 प्रतिशत होने के कारण मानसून संकट पैदा हो गया है. जिले के नौ तहसीलों में जून से जुलाई के बीच 104.8 प्रति. बारिश हुई, लेकिन अगस्त में 184.2 एमएम अपेक्षित वर्षा की तुलना में केवल 16.6 एमएम वर्षा हुई. हालांकि कन्नाड़ तहसील अपवाद रहा. यहाँ जून से जुलाई के बीच 147.6 प्रतिशत और अगस्त में 72.8 प्रतिशत वर्षा हुई.

# हरिद्वार भी अयोध्या जैसे दिखेगा : धामी

**ऋषिकेश-हरिद्वार कॉरिडोर का निर्माण प्रस्तावित**



**हरिद्वार, 4 अगस्त. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को राज्य में ऋषिकेश-हरिद्वार कॉरिडोर का निर्माण कराया जाना भी प्रस्तावित है.**

कॉरिडोर के निर्माण के पश्चात धर्मनगरी हरिद्वार भी काशी और अयोध्या की भांति अपने भव्य स्वरूप में नजर आएगी धामी ने यहां ब्रह्म निवास आश्रम, सप्तसरोवर रोड, भूपतवाला में 50वां निर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया. उन्होंने कहा कि पूज्य सतगुरु लाल दास महाराज ने अपने जीवन में आध्यात्मिकता को प्राथमिकता देते हुए समाज को सेवा, सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया उन्होंने भक्ति को जन जन तक पहुंचाया है उनकी वाणी में अद्भुत शक्ति थी और दृष्टि में भगवान बुद्ध के समान असीम करुणा थी पूज्य सतगुरु ने समाज को जोड़ने का काम किया उन्होंने जीवन भर यही सिखाया कि सेवा सबसे बड़ा धर्म है धामी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति का संपूर्ण विश्व में व्यापक प्रचार प्रसार हो रहा है दुनिया हमारी प्राचीन संस्कृति और दर्शन से परिचित हो रही है.

राज्य सरकार देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है. उन्होंने बताया कि राज्य में ऋषिकेश-हरिद्वार कॉरिडोर का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है. कॉरिडोर के निर्माण के पश्चात धर्मनगरी हरिद्वार भी काशी और अयोध्या की भांति भव्य स्वरूप में नजर आएगी. मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार उत्तराखंड के सांस्कृतिक मूल्यों और डेमोग्राफी को संरक्षित रखने के प्रति पूर्ण रूप से संकल्पबद्ध है प्रदेश में घृणित मानसिकताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है प्रदेश में सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून भी लागू किया गया है.

# मुंडे पर लगाया 42 लाख का जुर्माना

**सरकारी आवास खाली नहीं करने पर की कार्रवाई**

**मुंबई, 4 अगस्त. महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे पर सरकारी आवास सतपुड़ा भवन को खाली नहीं करने पर 42 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है.**

गौरतलब है कि मुंडे ने इस साल 4 मार्च को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था लेकिन अभी तक आवास नहीं खाली किया है. खाद्य मंत्री छगन भुजबल को यह आवास औपचारिक तौर पर 23 मई को आवंटित किया गया था लेकिन पूर्व मंत्री द्वारा आवास खाली नहीं करने के कारण वह आवास में प्रवेश नहीं कर सके राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने जोर देकर कहा कि मुंडे और उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार दोनों ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं पवार को इस मुद्दे को सुलझाना चाहिए.

बीड जिले के सरपंच संतोष देशमुख के हत्या के आरोप में मुंडे को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था. हालांकि मुंडे ने अपने कार्यकाल के पांच महीने तक बंगले पर कब्जा बरकरार रखा, जिससे यह विवाद और बढ़ गया लोक निर्माण विभाग ने पुष्टि की कि 42 लाख का लगाया गया जुर्माने का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस जुर्माने में कुछ छूट दे सकते हैं.

दरअसल, मुंडे को मंत्री बनने के बाद उन्हें शासकीय सतपुड़ा बंगला रहने के लिए दिया गया था, लेकिन बीड़ में सरपंच संतोष देशमुख हत्या मामले में उनका नाम आ जाने की वजह से मुंडे ने 4 मार्च को मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था इसलिए, उनके अगले 15 दिनों में बंगला छोड़ने की उम्मीद थी. मुंडे के इस्तीफे के बाद छगन भुजबल को मंत्री पद मिल गया और 23 मई को भुजबल को सतपुड़ा बंगले के लिए सरकारी आदेश जारी किया गया। लेकिन सरकारी बंगला खाली न होने से अभी तक भुजबल को सरकारी आवास नहीं मिल सका है। लोक निर्माण विभाग के सूत्रों ने बताया कि धनंजय मुंडे पर बंगला न छोड़ने के लिए जुर्माना लगाया गया है और इसकी राशि अब 42 लाख तक पहुँच गई है.



## बघेल की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, 4 अगस्त.** उच्चतम न्यायालय ने 2160 करोड़ रुपए के कथित शराब घोटाला समेत अन्य मामलों से जुड़े संबंधित धन शोधन के आरोपों में घिरे छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को सोमवार को कोई राहत न देते हुए उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया. न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हालांकि पिता-पुत्र से कहा कि वे इस मामले में पहले उच्च न्यायालय या निचली अदालत के समक्ष राहत की गुहार लगा सकते हैं. गौरतलब है कि इससे संबंधित धन शोधन के मामले में चैतन्य बघेल को ईडी ने गिरफ्तार किया था.

# भजनलाल ने किया हवाई सर्वेक्षण

- सवाई माधोपुर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया

**सवाईमाधोपुर, 4 अगस्त. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सवाईमाधोपुर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया और प्रभावित लोगों से मुलाकात की.**

इस दौरान शर्मा ने जिले के चकेरी, जड़ावता, अजनोटी, मैनपुरा, धनौली, सूरवाल सहित प्रभावित गांवों और बोदल उघाड़ पुलिया खंडार का हवाई निरीक्षण किया और प्रभावित लोगों से मुलाकात भी की। मुख्यमंत्री ने चकचैनपुरा हवाई पट्टी पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से आए लोगों से ज्ञापन लेकर उनकी समस्याएं सुनी और सरकार द्वारा हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया. मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि सार्वजनिक और निजी संपत्तियों, फसलों और पशुधन को हुए नुकसान का त्वरित सर्वे कराकर प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाएं. उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित लोगों के लिए भोजन, पेयजल, चिकित्सा, स्वच्छता और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. शर्मा ने कहा कि बाढ़ प्रभावित गांवों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीमों द्वारा लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं और प्रशासन की सतर्कता के कारण बड़े हादसों को समय रहते टालने में सफलता मिली है.



## ऑपरेशन सिंदूर निर्णायक और सफल रहा है : विजेंद्र

**नई दिल्ली, 4 अगस्त.** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर ऐतिहासिक रूप से निर्णायक और सफल रहा है. गुप्ता ने विधानसभा में आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सशस्त्र सेनाओं ने सीमा पार आतंकवादी ठिकानों को लक्ष्य बनाते हुए उनको नेस्तनाबूत कर दिया. इस ऑपरेशन का बहुत कुशलता और संयम के साथ क्रियान्वयन हुआ, जिससे भारत की कुशल और मजबूत सैन्य क्षमता को पूरी दुनिया ने देखा। इस अभियान ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत किसी भी आतंकी कार्रवाई को सहन नहीं करेगा.

## एक नजर में



### सिरोही हादसा : दीवार गिरने से मजदूरों की मौत

**सिरोही, 4 अगस्त.** एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से बड़ा हादसा हो गया. इस हादसे में तीन मजदूरों की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला गया. राजस्थान के सिरोही में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से बड़ा हादसा हो गया. इस हादसे में तीन मजदूरों की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला गया. मृतकों के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है. उधर हादसे की जानकारी पर जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी, एसपी प्यारेलाल समेत कई बड़े अफसर घटनास्थल पर पहुंचे. हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं. जानकारी के अनुसार, हादसा सिरोही के पिंडवाड़ा उपखंड के भारजा गांव में हुआ है. मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि जिस समय हादसा हुआ है, उस मकान में निर्माण कार्य चल रहा था. अचानक मकान की दीवार ढहने से करीब 8 लोग मलबे में दब गए. हादसे के तुरंत बाद मलबा हटाकर नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला गया और तुरंत आबू रोड अस्पताल रेफर किया गया है. अस्पताल में तीन लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है.

### मेक्सिको की जेल में सात कैदियों की मौत

**मेक्सिको सिटी, 4 अगस्त.** मेक्सिको के पूर्वी राज्य वेराक्रूज़ के टक्सपैन शहर में शनिवार को एक जेल में हुए दंगे में कम से कम सात कैदियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए. राज्य के लोक सुरक्षा सचिवालय ने रविवार को यह जानकारी दी. सचिवालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि दंगे के बाद रविवार सुबह राष्ट्रीय रक्षा और राज्य के लोक सुरक्षा सचिवालय के कर्मियों के साथ राष्ट्रीय गार्ड के जवानों ने जेल पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया. पोस्ट में कहा गया दंगे के परिणामस्वरूप सात कैदियों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत की सूचना मिली है, साथ ही 11 लोग घायल भी हुए हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है. सचिवालय ने कहा कि जेल में दंगे पर नियंत्रण कर लिया गया और कई कैदियों को पानुको शहर की एक जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है. वेराक्रूज़ राज्य सरकार ने अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय में सुशासन और जेलों में सुरक्षा स्थितियों में सुधार के लिए प्रतिबद्धता दोहराई.

# लालू-केजरीवाल ने दी सोरेन को श्रद्धांजलि

- सोरेन को कई नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की
- किडनी एवं हृदय संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे

**नईदिल्ली, 4 अगस्त. द्रविड़ मुनेत्र कषगम अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव समेत देश के अन्य बड़े नेताओं ने सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक व पूर्व सीएम शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया.**

गौरतलब है पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चो के अध्यक्ष 81 वर्षीय शिबू सोरेन का गंगा राम अस्पताल में निधन हो गया. उन्हें 19 जुलाई को किडनी एवं हृदय संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए यहां भर्ती कराया गया था. लालू प्रसाद यादव बोले कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर बहुत दुखी हूं. आज देश ने एक वीर सपूत और आदिवासी समाज के सच्चे संरक्षक को खो दिया.

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि शिबू सोरेन के निधन का समाचार बेहद पीड़ादायक है. दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि झारखंड और आदिवासी समाज की आत्मा थे. उन्होंने आदिवासी अधिकारों, जल-जंगल-ज़मीन और संविधानिक न्याय के लिए जीवन भर संघर्ष किया. उनका निधन एक युग का अंत है.

राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के वरिष्ठतम नेताओं में से एक, श्री शिबू सोरेन जी झारखंड के उन क़द्दावर नेताओं में गिने जाते थे जिन्होंने समाज के कमजोर वर्गों विशेषरूप से जनजातीय समाज के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे हमेशा ज़मीन और जनता से जुड़े रहे। मेरा भी उनसे लंबा परिचय रहा। उनके निधन से मुझे बहुत दु:ख हुआ है.

## आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1874 | जापान ने इंग्लैंड की तर्ज पर डाक बचत प्रणाली शुरू की। |
| 1874 | जापान ने अपनी डाक बचत प्रणाली की शुरुआत की, जो इंग्लैंड में इसी तरह की प्रणाली के बाद तैयार की गई थी। |
| 1884 | स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी के लिए आधारशिला न्यूयॉर्क के हार्बर में बेदलए के द्वीप पर राखी गयी। |
| 1891 | अमेरिकन एक्सप्रेस ने विश्व की पहला ट्रैवेलर्स चेक जारी किया। |
| 1914 | अमेरिका में पहली ट्रैफिक लाइट लगाई गई। |

# अवैध अप्रवासियों के फर्जी पहचान पत्र बनाए, दंपति गिरफ्तार

**मुंबई, 4 अगस्त. मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने एक दंपती को शहर में अवैध रूप से रह रहे बंगलादेशी नागरिकों को फर्जी भारतीय पहचान पत्र उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए जाली दस्तावेज़ नेटवर्क का संचालन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है.**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुरुषोत्तम प्रसाद शर्मा (57) और उनकी पत्नी मंजू पुरुषोत्तम शर्मा (42) उर्फ मंजू को विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर उनके घर पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके आवास की तलाशी के दौरान लैपटॉप, कई सिम कार्डों से लैस चार मोबाइल फोन, दो जाली आधार कार्ड, अलग-अलग पहचान वाले दो पैन कार्ड और मंजू शर्मा के नाम से जारी एक मतदाता पहचान पत्र सहित महत्वपूर्ण सबूत जब्त किए. ज़ब्त की गई वस्तुओं में बैंक पासबुक, चेकबुक और एक लाल पेन ड्राइव शामिल हैं.



# पीएम मातृ वंदना योजना के लिए पंजीकरण अभियान 15 तक बढ़ा

**नई दिल्ली 4 अगस्त. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के लिए विशेष पंजीकरण अभियान को आगामी 15 अगस्त तक बढ़ाने की सोमवार को घोषणा की.**

आधिकारिक बयान के मुताबिक इसका उद्देश्य आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में घर-घर जाकर जागरुकता और नामांकन अभियान का उद्देश्य सभी पात्र गर्भवती तथा स्तनपान कराने वाली महिलाओं तक पहुँचना है ताकि योजना के तहत उनका समय पर पंजीकरण सुनिश्चित हो सके. पीएमएमवीवाई एक प्रमुख कल्याणकारी पहल है, जो गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं (पीडब्ल्यू एंड एलएम) के बीच पौष्टिक आहार को प्रोत्साहित तथा स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में सुधार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ ही बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को भी बढ़ावा देती है.



## छत्तीगढ़ में 'बने खाबो, बने राहिबो' अभियान की शुरुआत हुई

**रायपुर, 4 अगस्त.** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में 'बने खाबो, बने राहिबो' अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई. स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आठ चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा, लोगों को लगता है कि हमारा काम सिर्फ बीमारों का इलाज करना है, जबकि हमारा प्रमुख दायित्व यह भी है कि लोगों को बीमार पड़ने से रोका जाए. उन्होंने कहा कि फैटी लिवर, शुगर, थायराइड जैसी बीमारियां मुख्य रूप से गलत खानपान की देन हैं.

# केजरीवाल ने कहा : हम पर झूठे केस

**एक्स पर बोले - झूठे केस करने वालों को भी भेजो जेल, हमारे परिवारों ने झेली पीड़ा**

**नई दिल्ली,04 अगस्त. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों पर बड़ा हमला बोला है. उन्होंने सोमवार को अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट से पोस्ट कर कहा कि आप नेताओं के खिलाफ सभी केस झूठे हैं, और एक-एक करके सभी में सच्चाई सामने आ रही है.**

केजरीवाल ने लिखा - हमारे ऊपर झूठे केस लगाकर हमें जेल भेजा गया. जिन लोगों ने ये झूठे केस लगाए और जिन नेताओं के कहने पर ये लगाए गए, क्या उन सबको जेल नहीं भेजना चाहिए? उन्होंने पूछा कि जब चाहा झूठा केस कर दिया, जब चाहा जेल भेज दिया, और जब मन किया क्लोजर रिपोर्ट फाइल कर दी— क्या यही न्याय है?



मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके ऊपर और उनके साथियों पर दिन-रात कीचड़ उछाला गया, जिससे उनके परिवारों को भारी मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ी. अब जबकि धीरे-धीरे सभी केस झूठे साबित हो रहे हैं, तो इस अन्याय की भरपाई कौन करेगा? केजरीवाल के इस बयान को पार्टी की राजनीतिक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जो आगामी चुनावों से पहले जनता के बीच 'पीड़ित बनाम प्रताड़क' की छवि को स्पष्ट करने की कोशिश है.

# बांके बिहारी मंदिर विवाद, सरकार के अध्यादेश पर कोर्ट का सवाल

**नई दिल्ली, 4 अगस्त. उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर विवाद मामले में राज्य सरकार के अध्यादेश जारी करने पर सवाल उठाया और उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी प्रस्ताव रखा.**

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 की वैधता पर उच्च न्यायालय द्वारा जब तक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक मंदिर के प्रबंधन की देखरेख के लिए एक सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित एक समिति को अपना काम करना चाहिए.

पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि जिला अधिकारी और अन्य अधिकारी भी समिति का हिस्सा होंगे. न्यायालय ने आगे प्रस्ताव दिया कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्ष विभाग को भी समिति का हिस्सा बनाया जा सकता है. पीठ ने अध्यादेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई मंगलवार 5 अगस्त के लिए स्थगित कर दी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज से कहा कि वह पीठ द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर सरकार से जरूरी निर्देश प्राप्त कर लें.

**सदन** | **लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित, विपक्ष का हंगामा**

# एसआईआर की प्रक्रिया वापस ले सरकार

**नई दिल्ली, 4 अगस्त. लोकसभा में सोमवार को बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया वापस लेने की मांग को लेकर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी.**

एक बार स्थगन के बाद दो बजे सभापति जगदंबिका पाल ने सदन की कार्यवाही जैसे शुरु की विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बींचोबीच आ गये. सदस्यों ने एसआईआर वापस लेने को लेकर नारे लगाते रहे. सभापति ने शोरशराबे के बीच ही जरूरी कागजात सभा पटल पर रखवाये और सदस्यों से अपने स्थान पर जाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि खेल और खिलाड़ियों से संबंधित सदन में महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा की जानी है लेकिन हंगामा करना उचित नहीं है. संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज मन बहुत दुखी है. उन्होंने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति (बीओसी) में सभी दलों ने मिलकर राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक, 2025 पर चर्चा के लिए सहमति बनाई थी उसके बाद भी यहां हंगामा कर रहे हैं. यह युवाओं के खिलाफ है. वहीं दूसरी ओर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि सदन में महत्वूर्ण विधेयक पर चर्चा होनी है इसलिए सभी को सहयोग इसे पारित करना चाहिए.



सभापति पाल ने कहा कि देश की जनता के लिए आप लोग यहां चुनकर आये हैं लेकिन इस सत्र में अब तक एक भी विधेयक पारित नहीं किया गया है. देश की जनता देख रही है सदन को किसा प्रकार बाधित किया जा रहा है. सभापति ने कहा कि आर सुधा ने अध्यक्ष ओम बिरला को उनके साथ हुई घटना के बारे में अवगत कराया है. अध्यक्ष में संज्ञान में लेकर दिल्ली पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने के लिए कहा है.

# जातीय रैलियों पर रोक के केस में सुनवाई तीन सितंबर को

**लखनऊ, 4 अगस्त. इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने जातीय रैलियों पर रोक के मामले में केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने को समय देकर अगली सुनवाई तीन सितंबर को नियत की है.**

पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार को मामले में जवाब पेश करने का मौका दिया था. साथ ही कोर्ट ने याची को भी पिछले 10 साल में राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित की गई जातीय रैलियों का ब्योरा नए हलफनामे पर दाखिल करने को कहा था. शुक्रवार को मामले की सुनवाई के समय केंद्र सरकार के वकील ने मामले में जवाब दाखिल करने को और समय मांगा. इस पर समय देकर कोर्ट ने मामले को तीन सितंबर को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया. मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय वकील मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर दिया.पहले, इस मामले में कोर्ट ने पहले, पक्षकारों केंद्र व राज्य सरकार समेत केंद्रीय निर्वाचन आयोग एवं चार राजनीतिक दलों कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से जवाब मांगा था. याचिकाकर्ता ने यह याचिका वर्ष 2013 में दायर की थी.